Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,

उप कुलसचिव
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांकः पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2024 / 1042
दिनांक : 10.04.24

अनुस्मारक–1

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः–उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्धारित Key Perfomance इंडिकेटर की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया शासन के पत्र संख्या–224 / सत्तर–4–2024–1948 / 2022, दिनांक–12 फरवरी, 2024 के क्रम में अवगत कराना है कि विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ द्वारा वर्चुअल बैठक में समस्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन कराने, प्लेसमेन्ट सेल गठित करने, शिक्षकों के स्वीकृत पदो के सापेक्ष रिक्त पदों को भरे जाने तथा संस्था में छात्रों का पंजीकरण बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गये हैं जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है जिसके लिए निम्न बिन्दु पर सूचना आवश्यक है, के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2024 / 6433, दिनांक–15.02.2024 द्वारा सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु अभी तक वांछित सूचनाएं अप्राप्त है। शासन द्वारा उक्त के सन्दर्भ में मासिक समीक्षा कर सूचनाएं माँगी जा रही है।

1. महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी नामित करके नैक सेल का गठन कर लिया जाय।
2. महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट सेल के गठन हेतु नोडल अधिकारी नामित कर छात्रों के प्लेसमेन्ट की त्रैमासिक समीक्षा की जाय।
3. अनुदानित / राजकीय महाविद्यालय में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद भरे हुए है तथा कितने पद रिक्त हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन कर दिया गया है अथवा नहीं।
4. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में विषय / पाठ्यक्रमवार आवश्यक शिक्षकों की संख्या एवं उसके सापेक्ष नियुक्त शिक्षकों की संख्या तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है। शिक्षकों रिक्त पदों के भरे जाने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी है।
5. महाविद्यालय में विगत चार वर्षों में छात्रों के पंजीकरण के सम्बन्ध में सूचना अपेक्षित है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओं पर सूचना संलग्न प्रोफार्मा पर पूरित करते हुए विश्वविद्यालय सम्बद्धता अनुभाग के ई–मेल departmentaffiliation1@gmail.com पर दिनांक–17.04.2024 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

10/04

उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः–प्रो0 संजीव गंगवार (वेबमास्टर), एम0सी0ए0 विभाग, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पर अपलोड करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव

1.महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित सूचना हेतु प्रोफार्मा–

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	नैक समन्वयक का नाम	नैक ग्रेडिंग एवं तिथि	एस.एस.आर. की स्थिति	नैक मूल्यांकन कब तक सम्भावित है

2.महाविद्यालय में प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना से सम्बन्धित सूचना हेतु प्रोफार्मा–

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	प्लेसमेन्ट सेल के गठन की तिथि	प्लेसमेन्ट सेल कोआर्डिनेटर का नाम	प्लेसमेन्ट छात्रों की संख्या			भविष्य की कार्ययोजना
				2021	2022	2023	

3.महाविद्यालय में शिक्षकों के भरे गये/रिक्त पदों का विवरण–

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	शिक्षकों के कुल स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गये पदों की कुल संख्या	रिक्त पदों की संख्या	अधियाचन की स्थिति

4. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में शिक्षकों के भरे गये/रिक्त पदों का विवरण–

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	विषय/पाठ्यक्रमवार आवश्यक शिक्षकों की संख्या	भरे गये पदों की कुल संख्या	रिक्त पदों की संख्या	रिक्त पदों को भरे जाने की सम्भावित तिथि

5.महाविद्यालय में छात्रों के पंजीकरण का वर्षवार विवरण–

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	वर्ष 2021 में पंजीकृत छात्रों की संख्या	वर्ष 2022 में पंजीकृत छात्रों की संख्या	वर्ष 2023 में पंजीकृत छात्रों की संख्या	वर्ष 2024 में पंजीकृत छात्रों की संख्या